## एक नजर में

### जल गंगा संवर्धन अभियान : गंगा दशहरा के पावन पर्व पर मां ताप्ती के तट पर किया कार्यक्रम



**बुरहानपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशहरा के पावन अवसर पर सोमवार को शाम राजघाटए बुरहानपुर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान धार्मिकए सांस्कृतिक एवं जन जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से जल संरक्षण एवं जल स्रोतों के संवर्धन का संदेश दिया गया। इसी कड़ी में ष्जल गंगा संवर्धन अभियानष् अंतर्गत कमल चौराहा से विशाल जल कलश यात्रा निकाली गईए जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्तिए युवाओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



कार्यक्रम का शुभारंभ बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिसए अध्यक्ष श्री मनोज माने सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणए कलेक्टर श्री हर्ष सिंहए सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर श्री सृजन वर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर माँ ताप्ती का विधि.विधान से पूजन एवं आरती की गई। कार्यक्रम के दौरान माँ ताप्ती के तट पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थितजनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में शासकीय अधिकारियों.कर्मचारियों सहित जिलेवासियों ने हिस्सा लिया।

### संघ के निष्ठावान कार्यकर्ता शिवाजीराव पाटिल का निधन, लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**बुरहानपुर।** संघ के निष्ठावान कार्यकर्ता शिवाजी राव पाटिल का स्वास्थ्य विगत दो दिनों से खराब था , उन्हें एप्पल हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था। ब्रेन स्ट्रोक की वजह से बर्नवार्ड में रखा था तथा कोमा में थे आज दिनांक 26 मई 2026 को उनका देवलोक गमन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास से आज दिनांक 26 /5/2026 को शाम 4.00बजे निकाली जाकर सिंधी बस्ती श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान जिले के राजनितिक दलो के जनप्रतिनिधीगण, कार्यकर्ता , संध स्वयं सेवक सहित समाजबंधुओ ने शामील होकर शोक संवेदना व्यक्त की।

### बकरीद को लेकर नगर निगम अलर्ट, शहर में चलेगा विशेष सफाई अभियान




**बुरहानपुर ।** बकरीद पर्व पर गुरुवार को को स्वच्छए सुरक्षित और व्यवस्थित माहौल में संपन्न कराने के लिए बुरहानपुर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। एम आई सी हॉल में निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने सेक्टर अधिकारी सुपरवाइजर की बैठक ली गई। बैठक में आयुक्त ने कहा कि बकरीद जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर शहर की सफाई व्यवस्था किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाकर यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी गंदगी या कचरे का ढेर न लगे। संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सफाई व्यवस्था की जाएगी। कचरा उठान के लिए अतिरिक्त वाहन लगाए जाएगे और सफाई कर्मी सतर्क रहें ताकि समय पर कचरे का निस्तारण हो सके। उन्होंने सभी जोनल और वार्ड अधिकारियों को लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए।

तथा शहर के प्रमुख बाजारोंए ईदगाहों और नमाज स्थलों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। वहीं संभावित कुर्बानी स्थलों पर अतिरिक्त सफाई कर्मियों और संसाधनों की तैनाती की जाएगीए ताकि तत्काल सफाई सुनिश्चित हो सके। सफाई व्यवस्था न लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ्कार्रवाई होगी। बकरीद के दिन और उसके बाद भी 24 घंटे सफाई कर्मचारी डोर टू डोर कचरा वाहन भी विशेष सफाई अभियान में रहेगे ।इसके लिए नगर निगम कंट्रोल रूम सक्रिय रहेगाए जहां से पूरे शहर की मॉनिटरिंग की जाएगी। नागरिकों से भी सफाई व्यवस्था में सहयोग करने और कचरा इधर.उधर न फैलाने की अपील की जाएगी।

निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि बकरीद के दौरान स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्माए उप स्वास्थ अधिकारी गणेश पाटिलए श्रीनिवासएकालू जंगाले सभी सेक्टर अधिकारी सुपरवाइजर समस्त कर्मचारी उपस्थित थे

### इस बार मन की बात कार्यक्रम होगा किसानों के साथ : जयपालसिंह चावड़ा



**बुरहानपुर ।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की वर्चुअल बैठक आयोजीत हुई। इस बैठक को प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष जयपालसिह जी चावडा ने संबोधित करते हुवे बताया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री हेमंत जी खंडेलवाल द्वारा मन की बात का कार्यक्रम बुथ स्तर पर भी क्षेत्र के किसानो के साथ एवं जिले में 100 स्थानो पर 100 किसानो के साथ सुनने का लक्ष्य निर्धारीत किया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानो को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी उपस्थित अतिथियों के माध्यम से दी जाएगी। वही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र जी मोदी द्वारा की जाने वाली मन की बात कार्यक्रम में देश एवं विश्व की नवीन जानकारी के साथ किसानो को लेकर भी कई महत्वपुर्ण जानकारीयां साझा की जाती है। इसका लाभ उन्हे मिलेगा। इस मन की बात कार्यक्रम को लेकर नवाचार भी किए जा सकते है। इस वर्चुअल बैठक को सांसद ज्ञानेश्वर जर पाटील, निमाड संभाग किसान मोर्चा प्रभारी नारायण पाटील जी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मनोज लधवे,नेपा विधायक मंजु राजेन्द्र दादु ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की भुमिका किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल जाधव ने प्रस्तुत की। वही आभार महामंत्री मनोज चौध्णरी ने माना।

# 500 लोग जब पुलिस की आंख बनते हैं तो अपराध खुद हो जाते हैं कम : बागरी

**जिला स्तरीय नगर और ग्राम रक्षा समिति सदस्यों के सम्मेलन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग**




**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** नगर के गोविंदजी वाला ऑडिटोरियम बुरहानपुर में मंगलवार को जन सहयोग से जन सुरक्षा अभियान अंतर्गत नगर एवं ग्राम रक्षा समिति सदस्यों का वृहद जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के नेतृत्व में सम्मेलन में जिले भर से लगभग 500 से अधिक नगर एवं ग्राम रक्षा समिति सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस एवं आमजन के मध्य समन्वय को और अधिक मजबूत बनानाए सामाजिक सहभागिता बढ़ाना तथा आगामी त्योहारों एवं सिंहस्थ महापर्व के दौरान पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग कर शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना रहा। सम्मेलन की थीम सजग नागरिक, सुरक्षित समाज रखी गई, जिसके अंतर्गत समिति सदस्यों को सामाजिक सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश। आगामी सिंहस्थ महापर्व को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पुलिस का सहयोग करने श्रद्धालुओं की सुरक्षा,यातायात व्यवस्था संबंध में विशेष मार्गदर्शन। सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से फैलने वाली अफवाहों पर सतर्क निगरानी रखने एवं तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील। नशा मुक्ति अभियान को जन आंदोलन बनाने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने हेतु समाज स्तर पर जागरूकता बढ़ाने पर जोर। महिला सुरक्षा एवं बाल सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाने के निर्देश। गांव एवं शहरों में संदिग्ध व्यक्तियो, असामाजिक तत्वों एवं अवैध गतिविधियों पर निगरानी रख सूचना तंत्र को मजबूत करने पर बल। साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु समिति सदस्यों से सहयोग की अपील की। युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने व सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने पर चर्चा हुई।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सुरक्षित समाज जन सहयोग से ही संभव है। जब 500 सजग नागरिक पुलिस की आंख और कान बनते हैं तो अपराध स्वत: कम हो जाते हैं। यही जन सहयोग से जन सुरक्षा अभियान की वास्तविक शक्ति है। पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं सहभागिता जितनी मजबूत होगी, कानून व्यवस्था उतनी ही प्रभावी बनेगी। नगर एवं ग्राम रक्षा समितियां पुलिस की महत्वपूर्ण सहयोगी हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश द्वारा कार्यक्रम में सदस्यों से कहा कि समाज में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के लिए पुलिस एवं नागरिकों के बीच सतत संवाद आवश्यक है। प्रत्येक समिति सदस्य अपने क्षेत्र में सुरक्षा प्रहरी की भूमिका निभाए एवं छोटी से छोटी संदिग्ध गतिविधि की सूचना भी पुलिस तक पहुंचा, त्योहारों एवं सार्वजनिक आयोजनों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में समिति सदस्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सीएसपी गौरव पाटिल, थाना प्रभारी कोतवाली नीता देयरवाल, थाना प्रभारी शिकारपुरा संदीप चौरसिया, थाना प्रभारी गणपति नाका सुरेश महाले, थाना प्रभारी नेपानगर ज्ञानू जायसवाल, थाना प्रभारी खकनार अभिषेक जाधव, थाना प्रभारी यातायात राजेश बारवाल थाना स्टाफएवं बड़ी संख्या में नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रवचन से होता है जीव भव पार...



**बुरहानपुर।** समाजसेवा के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर द्वारा सीलमपुरा क्षेत्र में स्थित श्री स्वामी नारायण मंदिर में पुरुषोत्तम मास के अंतर्गत चल रही मासिक कथा करवाई जा रही है।

कथा के दौरान जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के संरक्षक एवं संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन, संस्था अध्यक्ष डॉ किरण सिंह, संस्था सदस्य व पूर्व अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, सदस्य देवचंद शर्मा, रविन्द्र महाजन, आर एस ठाकुर, विवेक हकीम द्वारा व्यासपीठ पर विराजमान वक्ता शास्त्री चिंतनप्रिय दासजी स्वामी, मंदिर के महंत प.पु.कोठारी पी पी स्वामी एवं मंदिर के वरिष्ठ संत परमपूज्य शाश्त्री चन्द्रप्रकाश दास जी का शाल, श्रीफ्ल ए हार एवं भेट से सम्मान किया गया। पुरुषोतम मास के अंतर्गत चल रही कथा को संबोधित करते हुए श्री स्वामीनारायण मंदिर के व्यासपीठ के वक्ता शास्त्री चिंतनप्रिय दासजी स्वामी ने कहा की मानव जीवन बहुत पुन्य कर्मो के फ्ल से प्राप्त होता है इस संसार में चोरासी लाख योनी है और 84 लाख योनी में मानव जीवन मिलना मोक्ष प्राप्त करने का द्वार है श्री स्वामी जी ने कहा की मानव को समझना होगा की संतों का सानिध्य एवं संतो के प्रवचन श्रवण मात्र से मानव भवसागर पार कर सकता है। प्रत्येक मानव प्राणी मात्र के लिए सद्कार्य के साथ प्रेमभाव व धर्म के प्रति अपनी आस्था अवश्य रखें।

## स्वामी नारायण मंदिर में भगवान का दिव्य अभिषेक और विशेष पूजन

**पुरुषोत्तम मास में दीपदान करने से जीवन के अंधकार दूर होते हैं : शास्त्री चिंतनप्रियदासजी**



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** शहर के प्राचीन स्वामीनारायण मंदिर में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला निरंतर जारी है। मंदिर परिसर में प्रतिदिन प्रात:काल भगवान का दिव्य अभिषेक एवं विशेष पूजा.अर्चना की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। सुबह से ही मंदिर में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो जाता है और भगवान के दिव्य अभिषेक के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इसी क्रम में खंडवा से पहुंचे भाजपा नेता अशोक पालीवाल ने भी मंदिर पहुंचकर भगवान के अभिषेक का लाभ लिया तथा पूजा.अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

वहीं व्यासपीठ पर विराजित सद्गुरु शास्त्री चिंतनप्रियदासजी ने श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए भगवान स्वामीनारायण के प्राकट्य का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि ऋषि दुर्वासा के श्राप के अनुरूप ही भगवान ने छपिया में भगवान स्वामीनारायण के रूप में अवतार लिया। बाल्यकाल में नीलकंठ वर्णी के रूप में उन्होंने कठोर तपस्या करते हुए संपूर्ण भारत की यात्रा की और अपने साथ 500 ऋषियों को लेकर गुजरात पहुंचे, जो आज मानव कल्याण के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि भगवान स्वामीनारायण द्वारा जिन नर.नारायण देव की पूजा.अर्चना की गई, वही दिव्य मूर्ति बुरहानपुर के भक्तों को प्राप्त हुई और आज भी उसी परंपरा के अनुसार यहां दिव्य अभिषेक निरंतर जारी है। कथा के दौरान शास्त्री चिंतनप्रियदासजी ने पुरुषोत्तम मास के महत्व का वर्णन करते हुए कहा कि श्जाने.अनजाने में किया गया पुरुषोत्तम मास का पालन भी मनुष्य को असंख्य पुण्यफल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जो भाग्य में नहीं होता और फिर भी उसे पाने की जिद की जाती है, वह अंतत: दुख का कारण बनता है। यह बात सुदेव की कथा से स्पष्ट होती है।श उन्होंने भक्तों को समझाते हुए कहा कि भगवान के भक्त को सताना, स्वयं भगवान को सताने के समान है। साथ ही उन्होंने बताया कि पुरुषोत्तम मास में एक माह का नियम और तप, चार हजार वर्षों की तपस्या के समान फ्लदायी माना गया है। जो व्यक्ति इस माह में एक भी उपवास करता है, उसे वैकुंठ की प्राप्ति होती है।

संतश्री ने कहा कि श्जो व्यक्ति इस पवित्र माह में स्नान, दान,तप और धर्म से दूर रहता है, वह अगले जन्म में दरिद्रता का जीवन प्राप्त करता है। उन्होंने दीपदान के महत्व का वर्णन करते हुए कहा कि पुरुषोत्तम मास में दीपदान करने से जीवन के अंधकार दूर होते हैं और आध्यात्मिक प्रकाश प्राप्त होता है। अपने प्रवचन में उन्होंने कर्म और तत्वज्ञान पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा हमें जीवन में जो कुछ भी प्राप्त होता है,वह हमारे कर्मों का ही फ्ल है। सत्कर्म सुख देते हैं और कुकर्म दुख का कारण बनते हैं। उन्होंने उपवास का वास्तविक अर्थ बताते हुए कहा कि श्उपवास का अर्थ केवल भूखे रहना नहींए बल्कि भगवान के समीप वास करना है।

सद्गुरु ने कहा कि श्तत्व विचार के बिना सुख का कोई महत्व नहीं है। शास्त्रों के मनन और चिंतन से ही तत्वज्ञान प्राप्त होता है और यदि तत्व का ज्ञान नहीं होगा तो मनुष्य भवसागर से पार नहीं हो सकता। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति और आध्यात्मिक भाव में डूबे नजर आए। मंदिर परिसर में पूरे समय भजनए पूजा और धार्मिक वातावरण बना रहा।

## बोहरा समाज ने मनाई बकरा ईद, अदा की विशेष नमाज



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** दाऊदी बोहरा समाज द्वारा मंगलवार को बकरा ईद ईद-उल- अजहा का पर्व धार्मिक श्रद्धाए उत्साह और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। शहर की सभी दाऊदी बोहरा मस्जिदों में समाजजनों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर ईद की नमाज अदा की। पर्व को लेकर सुबह से ही समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और युवा मस्जिदों में पहुंचे और इबादत की।

दाऊदी बोहरा समाज के पीआरओ कमेटी कोऑर्डिनेटर तफ्जुल हुसैन मुलायमवाला ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर आमिल शेख हैदर भाई साहब जमाली की सदारत में बकरा ईद का पर्व मनाया गया। शहर की प्रमुख नजमी मस्जिद में सुबह फ्जर की नमाज अदा की गईए जिसके बाद ईद.उल.अजहा का विशेष खुतबा पढ़ा गया। सुबह करीब 6 बजे शहर आमिल शेख हैदर भाई साहब जमाली ने ईद का खुतबा पढ़ाते हुए समाजजनों को कुर्बानी, भाईचारे, त्याग और इंसानियत का संदेश दिया।

उन्होंने बताया कि नमाज में समाज के बड़ी संख्या में स्त्री.पुरुष और बच्चों ने भाग लिया। नमाज के दौरान देश और दुनिया में अमन.चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी गई। मस्जिदों में सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए थे। नमाज के बाद समाज के लोगों ने एक.दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और मिठाइयां बांटकर खुशियां साझा कीं। बच्चों में ईद को लेकर विशेष उत्साह नजर आया। कई परिवारों में पारंपरिक व्यंजन बनाए गए और रिश्तेदारों व परिचितों के यहां जाकर लोगों ने त्योहार की खुशियां मनाई। तफ्जुल हुसैन मुलायमवाला ने बताया कि दाऊदी बोहरा समाज हमेशा से सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता आया है। ईद का पर्व भी आपसी प्रेम, त्याग और इंसानियत की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है। पूरे दिन समाज में उत्सव और खुशी का माहौल बना रहा।

## मुशर्रफ खान खरगोन प्रभारी नियुक्त



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** म.प्र.की अल्पसंख्यक विभाग की सभी इकाइयों को भंग करने के पश्चात् अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी द्वारा विभिन्न जिलों मे प्रभारी नियुक्त किये गये इसी कड़ी में बुरहानपुर के कोंग्रेसी नेता मुशरफ खान को जिला खरगोन का प्रभारी नियुक्त किया गया उक्त आशय का पत्र मप्र अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी आबिद कागजी ने जारी किया। इस नियुक्ति से जिले के कांग्रेस जनो मे हर्ष व्याप्त है।


जानकारी अनुसार जिले के कांग्रेस जन सर्व श्री हमीद काजी पूर्व विधायक, अजय सिह रघुवंशी, किशोर महाजन पूर्व जिलाध्यक्ष, अनिता यादव निगम अध्यक्ष,वाजिद ईकबाल;ब्लॉक अध्यक्ष,दगडू भाई चौकसे पूर्व जिला पंचायत सदस्य, गौरी शमा पूर्व निगम अध्यक्ष,रफीक गुलमोहम्मद, अमर यादव,गब्बू सेठ,इन्द्रसेन देशमुख, डॉ.फरीद काज़ी, डॉ हुमैर काज़ी, डॉ इमरान,पार्षद गण अकील औलिया,ईस्माइल अंसारी, अजय उदासीन, अजय बालापुरकर,दिनेश शर्मा,अंतरसिंह बर्डे, सोहन सैनी, जगमीत सिंह जॉली, प्रकाश सिँह बेन्स, जितेन्द्र यादव, किशोर चिरमड़े, हरीश नारखेड़े,मनीष कोल्हे, सुधीर पाटिल, कृष्णा असखड़के, संतोष चौधरी, निखिल खंडेलवाल, राजेश पवार आदि ने उन्हें बधाई प्रेषित करते हुए इमरान प्रतापगढ़ी, आबिद कागजी, हरीश चौधरी, जीतू पटवारी, श्रीमति उषा नायडू, पुर्व केंद्रीय मंत्री श्री अरुण यादव,पूर्व कृषि मंत्री श्री सचिन यादव सहित समस्त वरिष्ठ कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त किया।

**एक नजर** — बुरहानपुर भाजपा का जिला प्रशिक्षण वर्ग 30-31 मई को, प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल करेंगें शुभारम्भ

## भाजपा में प्रशिक्षण वर्ग की निरंतरता से कार्यकर्ताओं को किया जाता है अपडेट : जिला प्रभारी क्षितिज भट्ट

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत बुरहानपुर जिले का जिला प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 30 एवं 31 मई 20926 को मंगल मिलाप परिसर में आयोजीत किया जाएगा। इस प्रशिक्षण वर्ग को लेकर 26 मई को एक वर्चुअल बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में निमाड संभाग प्रभारी श्री सुरेन्द्र जी भटट, जिला प्रभारी श्री क्षितिज जी भटट, जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी ओम जी सोनी ,भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने, सांसद श्री ज्ञानेश्वर जी पाटील , प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ,पूर्व केबिनेट मंत्री ,बुरहानुपर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी , जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को ,महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल सहित जनप्रतिनिधी, जिला,मंडल,मोर्चा एवं प्रकोष्ठो ,जिला पंचायत,जनपद जनप्रतिनिधी एव पदाधिकारी शामील हुवे।

भाजपा जिला प्रभारी क्षितिज जी भटट ने अपने संबोधन में 30 एंव 31 को बुरहानपुर जिले के प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी को लेकर विस्तार सो चर्चा की ।आपने बताया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री हेमंत जी खंडेलवाल सत्र का शुभारम्भ करेगें। आपेन प्रशिक्षण वर्ग में शतप्रतिशत उपस्थिती की अपेक्षा करते हुवे कहा कि 31 मई 2026 को मन की बात का कार्यक्रम होना है। उसकी तैयारी भी पूर्व में बुथ स्तर तक कर ली जाए। इस बार म.प्र. कृषक वर्ष मना रहा है और मन की बात किसानो के साथ करना सुनिश्चित करें।




भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने द्वारा बैठक में विस्तार से रूपरेखा प्रस्तुत करते हुवे प्रशिक्षण 12 सत्रो में केन्द्र व प्रदेश से वक्ताओं के आगमन , प्रशिक्षण में आवष्यक व्यवस्था सम्बंधी जानकारी भी प्रदान करते हुवे बताया कि यह आवासीय प्रशिक्षण वर्ग होगा। इसकी पूर्व तैयारीयां की जा रही है। व्यव्स्था को लेकर टोलीयों को दायित्व प्रदान कर दिए गए है।

30 मई को प्रशिक्षण का शुभारम्भ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री हेमंत जी खंडेलवाल करेगें। समापन 31 मई 2026 को सायं होगा। कार्यक्रम के नियंत्रक जिला महामंत्री चिंतामन महाजन होगें। उनके निर्देशों के पालन की बात करते हुवे आपने जिला वर्ग प्रशिक्षण से संबधित समस्त जानकारी से संभागीय टीम एवं वरिष्ठो को अवगत कराया। आपेन कहा कि अर्चना दीदी ने प्रशिक्षण को लेकी वक्ताओं पर बडी तैयारी की है। यह प्रशिक्षण कई मामलो में एतिहासीक होगा।

जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी श्री ओम जी सोनी ने अपनी बात रखते हुवे कहा कि अपेक्षित कार्यकर्ता प्रशिक्षण के दौरान समस्त विषयों को समझे क्योकि उन्हे इसकी परीक्षा भी देनी होगी। आपेन कहा प्रशिक्षण की तैयारी को लेकर बताया कि प्रशिक्षण में वंदे मातरम एवं वर्ग गीत की तैयारी, अपेक्षित कार्यकताओं के लिए मंडल प्रभारीयों को दायित्व देने सहित प्रशिक्षण से संबंधीत सभी विषयों पर बारीकी से चर्चा की।

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने भी अपने संबोधन में इस कार्यक्रम की तैयारीयों पर चर्चा करते हवे कहा कि यर्ि प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को तैयार करने की पाठशाला है। और भाजपा कार्यकर्ता निश्चित रूप से देश और समाज के लिए ,विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने वाला कार्यकर्ता है।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी ने अपनी बात रखते हुवे बताया कि बुरहानपुर का जिला पशिक्षण वर्ग एतिहासीक होगा। अध्यक्ष जी द्वारा दिए गए दायित्व को हम सब मिलकर पुरा करेगें। आपने कहा कि बुरहानपुर का कार्यकर्ता भाग्यशाली है कि उसे प्रदेशभर में हुवे प्रशिक्षण का निचोड विस्तार से जानने का अवसर मिल रहा है। आप स्वयं 10 से 12 प्रशिक्षणों में वक्ता के रूप में शामील हुई है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले भाग्यशाली होते हुवे जिन्हे सिखने का अवसर मिल रहा है। आपने कहा कि यह भाजपा है जिसमें 70 से 75 लाख कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाता हे। 13500 से अधिक मंडलो में प्रशिक्षण आयोजीत किए गए हे। बुरहानपुर में अपेक्ष अनुरूप प्रशिक्षण सफल होकर एतिहासीक होगा।

भाजपा मिडिया पभारी मुकेश पुर्वे ने बताया कि इस बैठक में निमाड संभाग प्रभारी श्री सुरेन्द्र जी भटट, जिला प्रभारी श्री क्षितिज जी भटट, जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी ओम जी सोनी ,भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने, सांसद श्री ज्ञानेश्वर जी पाटील , प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ,पूर्व केबिनेट मंत्री ,बुरहानुपर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी , जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को ,महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल सहित जनप्रतिनिधी, जिला,मंडल,मोर्चा एवं प्रकोष्ठो के पदाधिकारी शामील हुवे।